Downloaded from www.studiestoday.com

## पाठ -4

# कृषि

***याद रखने योग्य बाते :-***

(1)कृषि–फसल उगाने व पशुपालन करना।

(2) कृषि संसाधन–प्रकृति द्वारा प्रदान उपहार जैसे – उपजाऊ मिट्टी जल और अनुकूल जलवायु जो पौधों की वृद्धि के लिए आवश्यक।

(3) कृषि के प्रकार (क) निर्वाह कृषि (ख)गहन निर्वाह कृषि (ग) वाणिज्यिक कृषि

(4) व्यापारिक कृषि – आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग होता है।

(5) गहन निर्वाह कृषि – श्रम प्रधान कृषि जिससे अधिक उत्पादन के लिये रसायनिक खाद तथा सिंचाई की आवश्यकता होती है।

(6) प्राचीन जीविका निर्वाह कृषि – यह छोटे टुकड़ो पर परिवार के सदस्यों द्वारा प्राचीन उपकरण द्वारा की जाती है।

(7) खरीफ–फसलें जो वर्षा ऋतु में बोई जाती है।

(8) मिश्रित कृषि – कृषि के साथ पशुपालन करना।

(9) बागान कृषि – बड़े क्षेत्र में उगाई जाने वाली एक ही नकदी फसल जैसे चाय, कहवा, रबर नारियल आदि।

(10) रबी फसलें– फसलें जो शीत ऋतु में बोयी जाती है तथा ग्रीष्म के आरंभ में काट ली जाती है।

बहुवैकल्पिक प्रश्न (एक अंक वाले)

प्रश्न 1 :– कौन सी एक रबी फसल है?

(क) धान (ख) तरबूज (ग) गेहूँ (घ) मक्का

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

प्रश्न 2 :- इनमें से कौन सी एक रेशदार फसल है?

(क) रबड़ (ख) जूट (ग) टमाटर (घ) कॉफी

प्रश्न 3 :- निम्न में से किस पेय फसल में भारत विश्व का अग्रणी उत्पादक और निर्यातक है?

(क) कॉफी (ख) दाले (ग) चाय (घ) दही

प्रश्न 4 :- निम्नलिखित में से कौन सी फसल रोपण कृषि का उदाहरण है?

(क) चावल (ख) रबर (ग) गेहूँ (घ) उपरोक्त में से कोई नही

प्रश्न 5 :-विश्व में कौन सा देश तिलहन उत्पादन में अग्रणी है?

(क) चीन (ख) भारत (ग) संयुक्त राज्य अमेरिका (घ) पाकिस्तान

प्रश्न 6 :-निम्नलिखित में से कौन रोपण कृषि का उदाहरण है?

(क) जूट (ख) गेहूँ (ग) चाय (घ) तिलहन

प्रश्न 7 :- निम्नलिखित में से कौन सा फसल रेशेदार फसल नही है?

(क) कपास (ख) रबर (ग) जूट (घ) सन

प्रश्न 8 :- निम्नलिखित में से किस फसल को 'सुनहरा रेशा' कहा जाता है?

(क) गेहूँ (ख) चावल (ग) मूँगफली (घ) जूट

प्रश्न 9 :- रेशम उत्पादन के लिए रेशम के कीड़ो को पालना क्या कहलाता है?

(क) सेरी कल्चर (ख) हार्टीकल्चर (ग) फलोरीकल्चर (घ) एग्रीकल्चर

प्रश्न 10 :- कौन-सा देश विश्व में फल एवं सब्जियों का सबसे बड़ा उत्पादक है?

(क) कनाडा (ख) यू. एस. ए (ग) पाकिस्तान (घ) भारत

लघु उत्तर वाले प्रश्न (3/4 अंक)

प्रश्न 1 :- जीविका कृषि और वाणिज्यिक कृषि में अन्तर लिखिए।

प्रश्न 2 :- सरकार द्वारा किसानों के हित में किए गए संस्थागत सुधारो का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 3 :- चाय की फसल के लिए किन्ही चार भौगोलिक दशाऐ बताइए।

प्रश्न 4 :- रबड़ एवं मक्का के उत्पादन के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 5 :- गन्ने की खेती के लिए कैसी भौगोलिक दशाऐं होनी चाहिए।

प्रश्न 6 :- चावल तथा कपास के उत्पादन के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाओं को लिखिए।

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

प्रश्न 7 :- भारत में उगाए जाने वाली चार रेशेदार फसलों के नाम लिखिए। इनमें से कौन सा रेशा सीधे फसल उगाने से प्राप्त नही होता। इसके उत्पादन विधि का नाम बताइये।

प्रश्न 8 :- भारत में गेहूँ की खेती की किन्ही चार विशेषताओं को बताइए।

बहुवैकल्पिक प्रश्नो के उत्तर

(1) (ग) गेहूँ

(2) (ख) जूट

(3) (ग) चाय

(4) (घ) उपरोक्त सभी

(5) (ख) भारत

(6) (ग) चाय

(7) (ख) रबर

(8) (घ) जूट

(9) (क) सेरीकल्चर

(10) (घ) भारत

**लघु उत्तर (3/4 अंक वाले)**

(1) जीविका निर्वाह कृषि

(1) यह कृषि भूमि के छोटे टुकड़े पर पुराने कृषि औजारो द्वारा की जाती है।

(2) किसान अपने परिवार तथा स्थानीय बाजार के लिए उत्पादन

(3) सघन बसे इलाको में की जाती है।

(4) दो या तीन फसलें उगाई जाती है।

(5) अनाज गेहूँ, चावल, मक्का

वाणिज्यिक कृषि

(1) खेतो का आकार बड़ा

(2) उत्पादन निर्यात के लिए

(3) एक जनसंख्या वाले क्षेत्रों में की जाती है।

(4) एक फसल उगाई जाती है।

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

(5) गेहूँ, कपास, गन्ना

(2) (1) स्वतन्त्रता के पश्चात-सामूहिकीकरण, जोतो की चकबंदी सहकारिता व जमीदारी को समाप्त करना।

(2) प्रथम पंचवर्षीय योजना में भूमि सुधार

(3) कम दर पर ऋण सुविधाएं देना।

उ॰ (1) उष्ण तथा उपोष्ण जलवायु

(2) घ्यूमस और जीवांश युक्त गहरी मिट्टी

(3) सुगम जल निकाल वाले ढलवां क्षेत्रों में उगाई जाती है।

(4) पूरे वर्ष गर्म तथा नम पाला रहित जलवायु

(5) वर्ष भर समान रूप से वर्षा की बौछारें

(6) उच्च आर्द्रता

उ॰ (4) रबड़ के लिए

(1) भूमध्यरेखीय उष्ण और उपोष्ण क्षेत्र

(2) नम और आर्द्र जलवायु

(3) 25 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान

(4) 200 सेमी से अधिक वर्षा

मक्का के लिए

(1) 21 डिग्री सेल्सियस से 27 डिग्री सेल्सियस औसत तापमान

(2) 50 सेमी से 100 सेमी वार्षिक वर्षा

(3) पुरानी जलोढ़ मिट्टी

(4) पर खरीफ की फसल है।

उ॰ (5) (1) उष्ण व आर्द्र जलवायु

(2) 21 डिग्री सेल्सियस से 27 डिग्री सेल्सियस तापमान

(3) 75 सेमी से 100 सेमी वार्षिक वर्षा

दो प्रमुख गन्ना उत्पादक राज्य

(1) उत्तर प्रदेश (2) महाराष्ट्र (3) कर्नाटक (4) तमिलनाडु (5) आंध्र प्रदेश (6) बिहार

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

उत्तर (6) चावल के लिए :-

(1) 20 डिग्री सेल्सियस से 27 डिग्री सेल्सियस तापमान

(2) वर्षा-75 सेमी से 200 सेमी वर्षा

(3) जलोढ़ व दुम्मट मृदा भूमि

(4) उत्तर -पूर्वी भारत, तटीय क्षेत्र एक डेल्टा क्षेत्र कपास के लिए

(1) 30 डिग्री सेल्सियस तापमान, स्वच्छ आकाश, पाला रहित 210 कपास के लिए

(2) 50 सेमी 100 सेमी वर्षा

(3) काली मृदा

(4) उत्पादक राज्य - महाराष्ट्र गुजरात, मध्य प्रदेश आदि

उ० 7 :-(1) कपास, जूट, सन एवं प्राकृतिक रेशम

(2) कपास जूटसन मृदा में बोई जाती है रेशम का उत्पाद रेशम के कीड़े कोकून से

(3) रेशम के कीड़ो का पालन रेशम उत्पादन कहलाता है।

उ० 8 :- (1) गेहूँ भारत की दूसरी सबसे महत्वपूर्ण फसल है।

(2) यह देश के उत्तर और उत्तर पश्चिम भागों की खाद्यान्न फसल है।

(3) 50 से 75 सेमी वार्षिक वर्षा

(4) शीत ऋतु और पकने के लिए खिली धूप

(5) उत्पादक राज्य - पंजाब, हरियाण, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान आदि

Downloaded from www.studiestoday.com